# डबल मर्डर के मुख्य आरोपी की जेल में मौत

**सिवनी नवभारत। सिवनी जिले के चर्चित केवलारी डबल मर्डर कांड के मुख्य आरोपी और विचाराधीन बंदी संकेत ठाकुर की शुक्रवार देर रात जेल में अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। प्रारंभिक तौर पर उसकी मौत हार्ट अटैक से होने की आशंका जताई जा रही है हालांकि, मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।**

**हार्ट अटैक से मौत होने का अंदेशा, पीएम के लिए भेजा शव**






जानकारी के अनुसार संकेत ठाकुर सिवनी जेल में विचाराधीन कैदी के रूप में बंद था। शुक्रवार देर रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। जेल प्रशासन ने तत्काल उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल सिवनी पहुंचाया, लेकिन अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही जेल और पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ अधिकारियों को भी मामले से अवगत कराया गया है।

संकेत ठाकुर केवलारी थाना क्षेत्र में 16-17 मई 2025 की दरमियानी रात हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी था। इस वारदात के बाद केवलारी क्षेत्र में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी। घटना के विरोध में अगले दिन लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला था। विरोध प्रदर्शन के दौरान आगजनी और चक्काजाम जैसी स्थिति भी बनी थी, जिसके बाद पुलिस और प्रशासन को कानून-व्यवस्था संभालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी थी।

दोहरे हत्याकांड की जांच के दौरान पुलिस ने संकेत ठाकुर सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मामले में संकेत ठाकुर के अलावा उसके पिता, मां, बहन और चचेरे भाई के भी जेल में बंद होने की जानकारी सामने आई है। ऐसे में मुख्य आरोपी की जेल के भीतर अचानक हुई मौत ने पूरे मामले को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है।

**सभी पहलुओं की हो रही जांच**


संकेत ठाकुर की मौत के बाद जेल प्रशासन द्वारा नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा, जिसके बाद मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस द्वारा घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। यदि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किसी अन्य कारण की पुष्टि होती है तो उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल प्राथमिक जानकारी में हार्ट अटैक की आशंका सामने आ रही है, लेकिन आधिकारिक तौर पर मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

## मनोज बात्री को मानवाधिकार एवं आरटीआई सेवा रत्नसम्मान



**सिवनी नभा।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई जागरूकता संगठन, भारत द्वारा डॉ. मनोज कुमार बात्री को उनके उत्कृष्ट सामाजिक योगदान, संगठन के प्रति समर्पण तथा मप्र में मानवाधिकार संरक्षण एवं सूचना के अधिकार के प्रचार-प्रसार के लिए मानवाधिकार एवं आरटीआई सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. बात्री संगठन में राष्ट्रीय महामंत्री एवं अतिरिक्त प्रभार प्रदेश संरक्षक, मध्यप्रदेश के पद पर सेवाएं दे रहे हैं। संगठन ने उनके द्वारा जन-जागरूकता एवं संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना की। सम्मान-पत्र में संगठन ने डॉ. बात्री के समर्पण, नि:स्वार्थ सेवा भावना और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में योगदान को प्रेरणादायी एवं प्रशंसनीय बताया। संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सांगेश कुमार भाटी ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सम्मान समारोह 22 अगस्त को जोधपुर, राजस्थान में आयोजित किया गया।

## कान्हीवाड़ा में पुलिस की लापरवाही उजागर, बस स्टैंड पर एक साथ चार दुकानों में चोरी



**सिवनी नवभारत।** जिले के कान्हीवाड़ा में पुलिस की उदासीनता के कारण चोरों के हौसले पूरी तरह बुलंद नजर आ रहे हैं। पुलिस थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित बस स्टैंड पर चोरों ने एक साथ चार दुकानों को अपना निशाना बनाया और चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। बीती रात चोरों ने बेखौफ होकर चार प्रमुख दुकानों के ताले तोड़े जिसमें जैन होटल साहू कृषि केंद्र सजनी ब्यूटी पार्लर एवं जनरल स्टोरकान्हा स्वीट्स शामिल है।

घटनास्थल थाने से केवल 100 मीटर की दूरी पर है, इसके बावजूद चोर आसानी से चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। यह पूरी घटना दुकानों में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके फुटेज पुलिस की मदद के लिए उपलब्ध हैं।

आरोप है कि इलाके में रात के समय पुलिस गश्त न के बराबर होती है, जिसके चलते लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। इस घटना के बाद से स्थानीय ग्रामीणों और दुकानदारों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है। आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस से मांग की है कि इलाके में रात्रि गश्त को तुरंत बढ़ाया जाएङ्कऔर क्षेत्र में बढ़ रहे अपराधों पर जल्द से जल्द लगाम लगाई जाए ताकि व्यापारी सुरक्षित महसूस कर सकें।

### एक नजर में

**पेंशनर्स संगठन एक मंच एक आवाज की कार्यकारिणी गठित**

**सिवनी।** पेंशनर संगठन एक मंच एक आवाज मध्य प्रदेश के जिला अध्यक्ष अशोक वर्मा द्वारा संगठन के विधान 11स्त्रङ्ग के अनुसार नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर आलोक जैन सेवानिवृत्त एसडीओ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, एवं उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पवार सेवानिवृत्त एसडीओ लोक निर्माण विभाग, सचिव पद पर शिक्षा विभाग के सुरेश दत्त दुबे, अशोक विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष पूर्व आदिम जाति कल्याण विभाग सहायक ग्रेड, एमपीशिववेदी महामंत्री पूर्व सहायक नेत्र विशेषज्ञ, अनिल श्रीवास्तव संगठन मंत्री जीपी गुप्ता प्रचार सचिव, आलोक दिवाकर तुलसीराम चंद्रवंशी महेंद्र पडंया अरुण सैनी को शामिल किया गया है इनके मार्गदर्शन में कर्मचारियों की समस्या का निदान को लेकर प्रयास किए जाएंगे।

**लखनवाड़ा से आज निकलेगी भव्य कावड़ यात्रा**

**सिवनी।** सावन माह के पावन अवसर पर धर्म एवं आस्था से जुड़ा भव्य आयोजन 23 अगस्त को होने जा रहा है। मठ महाकाल समिति एवं मठ महाकाल महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में विशाल कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा रविवार 23 अगस्त को दोपहर 2 बजे मां वैनगंगा के पावन तट ग्राम लखनवाड़ा से प्रारंभ होगी ।कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर मां वैनगंगा का पवित्र जल कावड़ में लेकर सिद्धपीठ मठ मंदिर सिवनी पहुंचेंगे। यहां श्रद्धालुओं द्वारा भगवान भोलेनाथ का पवित्र जल से जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की जाएगी। पूरा क्षेत्र भोलेनाथ के जयकारों से भक्तिमय होगा।

## शिक्षा विभाग का आदेश, एक भृत्य को दो शालाओं का काम कैसे..?



**सिवनी नवभारत।** शिक्षा विभाग में एक भृत्य को दो स्कूलों में काम करने का आदेश जारी हुआ है। ये मामला विधानसभा सिवनी के अंतर्गत विकासखंड सिवनी के भोंगाखेड़ा से सामने आया है। जहां एक कर्मचारी को अपनी पदांकित शाला के साथ-साथ कुछ दूर दूसरी शाला में भी काम करने का आदेश किया गया है। वहीं भृत्य ने डीईओ में इस पर लिखित असहमति दी है। शासकीय माध्यमिक शाला भोंगाखेड़ा में भृत्य अरविंद सिंह कुंजाम कार्यरत हैं। इस शाला में नर्सरी से आठवीं तक 114 बालक अध्ययनरत हैं, जिनकी पानी, कमरों की साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाएं कुंजाम द्वारा की जाती हैं। हाल ही में जिला शिक्षा अधिकारी अविनाश दीक्षित ने एक आदेश जारी कर कुंजाम को शासकीय माध्यमिक शाला भोंगाखेड़ा के साथ-साथ शासकीय हाई स्कूल भोंगाखेड़ा में भी साफ-सफई और अन्य कार्य करने के लिए निर्देशित किया है। कुंजाम ने बताया कि शासकीय हाई स्कूल उनके मूल शाला हाइ स्कूल परिसर में नहीं नहीं है और कुछ दूर है। ऐसे में एक साथ दोनों शालाओं में काम करना संभव नहीं है। जिला शिक्षा अधिकारी से इस आदेश को निरस्त कर उन्हें केवल माध्यमिक शाला भोंगाखेड़ा में कार्य करने देने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। चर्चा है कि दो स्कूल प्रबंधन के बीच खींच-तान में भृत्य परेशान हो रहा है।



## राधे राधे महिला ग्रुप ने मनाया हरियाली महोत्सव

**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड क्रमांक 06 की महिलाओं का अग्रणी समूह राधे-राधे ग्रुप वार्ड नंबर 06 द्वारा शनिवार 22 अगस्त को नगर के वार्ड क्रमांक 2 में स्थित अंशिका लॉन में श्रावण मास के पावन अवसर पर हरियाली उत्सव का आनंद लिया गया। इस अवसर पर समूह की महिलाओं द्वारा सावन के झूले के साथ महिलाओं के लिए आकर्षक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। महिलाओं द्वारा एक दूसरे को श्रृंगार की निशानी भेंट की गई, साथ ही एक साथ सावन के झूले झूलकर हरियाली महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 6 की सुनीता कंदेले, किरण कंदेले, सीमा गौतम, शीतल जायसवाल, राखी जायसवाल, शालू जैन, दीपांजलि सोनी, मंजू चौरसिया, नंदिनी राजपूत सहित राधे-राधे ग्रुप की अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

## आईपीएस इंस्टीट्यूट के एमएससी कंप्यूटर साइंस विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा, 22 अगस्त, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में आईपीएस इंस्टीट्यूट के एम.एससी. कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान को गौरवान्वित किया।**

एम.एससी. कंप्यूटर साइंस द्वितीय सेमेस्टर में दीपाली शर्मा ने प्रथम, घनेंद्र उइके ने द्वितीय तथा श्रष्टि झाड़े ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार एम.एससी. कंप्यूटर साइंस चतुर्थ सेमेस्टर में प्रियांशी चौहान ने प्रथम, ऋषिका सिंह चौहान ने द्वितीय तथा प्रेक्षा नोरिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर संस्थान के डायरेक्टर डॉ. जेमिनी खानवे, अश्विन शेंडे, डॉ. हंसा राजपूत, पंकज चौरसिया, महेश हुमनेकर, गगन बोनिया एवं तान्या दुबे ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान के पदाधिकारियों ने कहा कि विद्यार्थियों का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम उनकी मेहनत, लगन एवं अनुशासन के साथ-साथ संस्थान द्वारा प्रदान की जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।




DEEPALI SHARMA




PRIYANSHEE CHOUHAN

## गायत्री मंदिर में मातृशक्ति का हरियाली का कार्यक्रम संपन्न



**बरघाट नवभारत।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बरघाट गायत्री मंदिर में हरियाली तीज का कार्यक्रम मनाया गया, जिसमें बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सावन गीत नृत्य एवं सावन झूला विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से गोमती ठाकुर, श्रीमती ईमरता साहू, मधुबाला जायसवाल, तहसीलदार पूजा राणा, किरण टेमरे, ममता पाठक, विमल वरकड़े, भारती रजक का विशेष योगदान रहा। सभी ने सावन झूला झूम कर बचपन की यादों को ताजा किया।

# छपारा में रक्तदान शिविर, 42 यूनिट रक्त हुआ एकत्र

**छपारा नवभारत।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा दादी प्रकाशमणि जी की पुण्यतिथि के अवसर पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि स्वरूप रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शनिवार 22 अगस्त को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।






शिविर में इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय सिवनी की ब्लड कलेक्शन यूनिट के सात सदस्यीय विशेषज्ञ दल की निगरानी में रक्त संग्रह किया गया। आयोजकों के अनुसार दादी प्रकाशमणि जी की पुण्यतिथि के अवसर पर देशभर में रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, इसी क्रम में छपारा में भी यह आयोजन किया गया।

शिविर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छपारा, जिला चिकित्सालय सिवनी की ब्लड कलेक्शन यूनिट सहित नगरवासियों एवं क्षेत्रीय लोगों का सहयोग मिला। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

शिविर के दौरान कुल 42 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। आयोजन के माध्यम से लोगों को नियमित रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए आगे आने का संदेश दिया गया। रक्तदान से आपात स्थिति में जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिल सकती है।

## सिवनी से 12 कूड़ो खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए इंदौर रवाना, 8 बेटियां भी शामिल

**सिवनी नवभारत।** शहर की ऐतिहासिक श्री महावीर व्यायामशाला संगठन, सुभाष वार्ड की वर्ष 1929 से चली आ रही गौरवशाली खेल परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सिवनी के 12 कूड़ो खिलाड़ी 11वीं मध्यप्रदेश स्टेट कूड़ो चैंपियनशिप 2026 में भाग लेने के लिए इंदौर रवाना हुए। टीम में 8 बेटियां शामिल हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों में मोनिका धुर्वे, विद्या गेडाम, तनु चौरसिया, भारती सेन, खुशी चौरसिया, अमीक्षा कश्यप, वैष्णवी सोनी, तान्या कश्यप, अनंत कुशवाहा, पहलाद हनवत, धनराज सेन एवं अनय दुबे शामिल हैं। इंदौर रवाना होने से पूर्व बुधवार को श्री महावीर व्यायामशाला में खिलाड़ियों के लिए विदाई एवं आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कूड़ो एसोसिएशन सिवनी के अध्यक्ष संजय सोनी, उपाध्यक्ष शुभम सोनी, श्री महावीर व्यायामशाला संगठन के अध्यक्ष सुदर्शन बाझल, संचालक धीरज पाल, उपसंचालक अंकित मिश्रा, सहित अभिषेक सोनी, छिद्दीलाल श्रीवास, रामायण पटेल एवं चंचलदास आहूजा उपस्थित रहे। खेल अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर सिवनी जिले का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं।

## राज्य स्तरीय गणित मॉडल प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान

**बरघाट नवभारत।** राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग की ओर से सिवनी जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकौड़ी की छात्रा कुमारी अंबिका साहू, कक्षा 8वीं ने गणित मॉडल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।




छात्रा ने यह उपलब्धि अपने मार्गदर्शक शिक्षक एन. के. गौतम, माध्यमिक शिक्षक के मार्गदर्शन में हासिल की। इस गौरवपूर्ण अवसर पर माननीय परिवहन एवं शिक्षा मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह जी, आयुक्त, कलेक्टर रजनी सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा छात्रा व शिक्षक को प्रशस्ति-पत्र एवं प्रथम पुरस्कार की शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। अधिकारियों द्वारा छात्रा कुमारी अंबिका साहू एवं मार्गदर्शक शिक्षक एन. के. गौतम को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। यह उपलब्धि सिवनी जिले, जबलपुर संभाग एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकौड़ी के लिए अत्यंत गौरव का विषय है।

## विधायक ने सपरिवार किया भगवान शिव का अभिषेक



**सिवनी नवभारत।** विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सपरिवार भगवान शिव जी का अभिषेक कर सभी की खुशहाली की कामना किया। श्रावण मास की पावन बेला मे आयोजित सात दिवसीय भव्य एवं दिव्य संगीतमय शिव महापुराण कथा स्थल राशि लान मे आज धार्मिक अनुष्ठान के तहत विधायक ने सहधर्मिणी एवं परिवारजनों के साथ भगवान शिव का विधि-विधान से पूजन, तथा वेदपाठी विद्वानों के सानिध्य मे मंत्रोच्चार और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच देवों के देव महादेव का अभिषेक किया।

# ताखला में निकली भव्य कांवड़ यात्रा, शिव मंदिर में हुआ महाभिषेक

**सिवनी नवभारत।** ग्राम ताखला में शनिवार को सावन माह के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ की आराधना को लेकर श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत धार्मिक आयोजन किया गया। ग्रामवासियों द्वारा मां वैनगंगा के तट से शिव मंदिर तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु, महिलाएं एवं युवा शामिल हुए। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया।

मां वैनगंगा के तट से कांवड़ में जल लेकर श्रद्धालु शिव मंदिर पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद समस्त ग्रामवासियों की ओर से भगवान शिव का विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाभिषेक किया गया। पंडित सुनील शास्त्री महाराज के द्वारा धार्मिक विधि-विधान से भगवान शिव का अभिषेक एवं पूजन संपन्न कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर क्षेत्र, ग्राम एवं समस्त ग्रामवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और अच्छी वर्षा की कामना की। आयोजन में शिव शक्ति महिला मंडल की सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। महिला मंडल द्वारा कांवड़ यात्रा एवं मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं संभाली गईं और कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में सहयोग किया गया।





**विरोध** — सालई-बरेलीपार मार्ग बंद होने से किसानों की बढ़ी परेशानी, जनप्रतिनिधियों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

# वर्षों पुराने रास्ते पर वन विभाग ने लगाई रोक, आदिवासी ग्रामीणों में आक्रोश

**कुरई नवभारत।** जिले के कुरई विकासखंड अंतर्गत पेंच टाइगर रिजर्व क्षेत्र में आने वाले आदिवासी बाहुल्य ग्राम सालई से बरेलीपार के वर्षों पुराने मार्ग को वन विभाग द्वारा बंद किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग ने बिना किसी पूर्व सूचना के इस रास्ते को बंद कर दिया, जिससे स्थानीय लोगों के सामने आवागमन की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। मार्ग बंद होने को लेकर ग्रामीणों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है।



ग्रामीणों के मुताबिक यह मार्ग वर्षों से उनके दैनिक आवागमन, खेती-किसानी और कृषि कार्यों के लिए प्रमुख रास्ता रहा है। क्षेत्र के कई किसानों की कृषि भूमि भी इसी मार्ग से जुड़ी हुई है। रास्ता बंद होने के कारण किसानों के लिए अपने खेतों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि हम यहां सीधे-साधे, भोले-भाले आदिवासी लोग निवासरत हैं। इसके बावजूद वन विभाग द्वारा आए दिन किसी न किसी बात को लेकर हमें परेशान किया जाता है। वर्षों से जिस रास्ते का उपयोग हम अपने आने-जाने और खेती-किसानी के लिए करते आ रहे हैं, उसे भी बिना पूर्व सूचना के बंद कर दिया गया। ऐसे में आखिर हम ग्रामीण कहां से आएंगे और कहां जाएंगे? ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यदि वन विभाग को किसी कारणवश मार्ग बंद करना जरूरी था तो पहले स्थानीय लोगों, वन समिति और जनप्रतिनिधियों से चर्चा की जानी चाहिए थी। साथ ही ग्रामीणों के आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए थी।

मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा वन विभाग के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराई। जनपद सदस्य कैलाश उईके ने कहा कि वन समिति अध्यक्ष सहित किसी से भी विचार-विमर्श नहीं किया गया और ग्रामीणों के आने-जाने का रास्ता बंद कर दिया गया।

वहीं जनपद सदस्य सविता करवेती ने कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्र की जनता और किसानों के साथ खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि यदि शांतिपूर्ण निवेदन के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया तो मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। इस दौरान विजयपानी सरपंच निरंजन धुर्वे सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौके पर मौजूद रहे। मार्ग बंद किए जाने को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी दिखाई दी।

**घाटकोहका और बादलपार जाने का भी प्रमुख मार्ग**

बरेलीपार के ग्रामीणों के अनुसार घाटकोहका और बादलपार की ओर आने-जाने के लिए भी इसी मार्ग का लंबे समय से उपयोग किया जाता रहा है। अब रास्ता बंद होने के कारण ग्रामीणों को अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी। इसका सीधा असर खेती-किसानी, मजदूरी और रोजमर्रा के जरूरी कार्यों पर पड़ने की बात ग्रामीणों द्वारा कही जा रही है।

## भाजपा सरकार की घोर लापरवाही की आग में झुलस गए नवजात : कांग्रेस

**छिंदवाड़ा।** जिला मुख्यालय पर कहने को जिला अस्पताल है, लेकिन यह रैफर सेन्टर और अव्यवस्था का मुख्य केन्द्र बन चुका है। मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध है, लेकिन मेडिकल कॉलेज से लेकर जिला अस्पताल तक की तमाम सुविधाओं और व्यवस्थाओं को भाजपा की सरकार ने तबाह कर दिया। सत्ता में आते ही पहले मेडिकल कॉलेज का स्वरूप बदला अब जिला अस्पताल को बर्बाद कर दिया। जिम्मेदार जमीन नाप रहे और स्वास्थ्य सेवाओं की जमीन खिसकती जा रही। ये वही जिला है, जहां मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के कार्यकाल में ठाट पर रहने वाली स्वास्थ्य सेवाएं आज खाट पर और अब आग तक पहुंच चुकी है। जनता उन लोगों को भी देख रही है जिन्होंने आपका बेटा, आपका भाई कहकर छला है। उक्त उदगार शहर कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनू मागो ने जिला अस्पताल के एनआईसीयू में आग से झुलसे तीन नवजात बच्चे में से एक की मौत पर आक्रोश जाहिर करते हुए व्यक्त किए।सांसद तामिया में नृत्य कर रहे और नवजात बच्चे आग में झुलस रहे। यह नजारा भाजपा सरकार है, जो सत्ता के मद में चूर है। अत्याधुनिक मशीनों का अभाव, स्टॉफ और संसाधनों की कमी के चलते जिले की स्वास्थ्य सुविधाएं लगातार गर्त में पहुंच रही है। भाजपा सरकार की नाकामी और घोर उदासीनता के कारण तीन नवजात बच्चे आग में बुरी तरह झुलस गए। इनमें से एक नवजात बच्चे की जबलपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह मौत हादसा नहीं बल्कि भाजपा सरकार की भ्रष्ट और निकृष्टता की वजह से हुई हत्या है। नवजात बच्चों ने अभी ठीक से दुनिया भी नहीं देखी, जन्म देने वाली मां और पिता का ठीक से चेहरा भी नहीं देखा उन्हें भाजपा के भ्रष्टाचार ने आग की भट्टी में धकेल दिया। प्रश्न यह उठ रहा है कि आखिर इतनी लापरवाही कैसे बरती जा रही है?